आज़ादी का अमृत महोत्सव

# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

# आरोग्य पथ

## मासिक ई–पत्रिका

**सम्पादक**

श्री मनीष कुमार त्रिपाठी

• वर्ष – 3 • अंक – 1 • जनवरी, 2023

# आरोग्य पथ

## मासिक ई-पत्रिका

### संपादक

श्री मनीष कुमार त्रिपाठी

### सह-संपादक

डॉ. प्रज्ञा सिंह
डॉ. अनुपमा ओझा
श्री विश्वजीत लूथर हैरिसन


## प्रकाशक

### महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर, 273007

## सड़क सुरक्षा : शपथ ग्रहण



महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन विद्यार्थियों के बीच **05 जनवरी, 2023** को किया गया। इस अवसर पर सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय अधिष्ठाता डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर व्यक्ति का दायित्व है तथा सड़क पर चलने के दौरान सबकों स्वतः स्फूर्त नैतिकता के साथ इन नियमों के अनुशासित करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों सहित शिक्षकों व कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

## पर्यटन मंत्री अवलोकन





दिनांक : **11 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में पर्यटन मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार श्री जयवीर सिंह जी ने विश्वविद्यालय की विविध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, भारत की विरासत है। इसे समयानुकुल तरीके से संजोते हुए विश्वविद्यालय को एक वैदिक पर्यटन स्थल व निदान केन्द्र के रूप में विकसित कर लोककल्याणार्थ हेतु संकल्पित करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपई, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. आदि ने पर्यटन मंत्री जी को परिसर में उपलब्ध संसाधनों और सुविधाओं की जानकारी दी।

## युवा सप्ताह उद्घाटन समारोह



दिनांक : **12 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से स्वामी विवेकानन्द जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) समारोह का आयोजन राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में किया गया। कोई राष्ट्र तभी सशक्त हो सकता है जब उसके युवा सशक्त व दायित्वों के प्रति सतर्क हों। हर युवा को अपना उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए, ताकि उद्देश्यों की पूर्ति करने हेतु संसाधनों का संकलन किया जा सके। उक्त बातें राष्ट्रीय युवा सप्ताह शुभारंभ के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई जी ने कही।

# स्वामी विवेकानन्द जयंती समारोह



दिनांक : **12 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अतंर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ कॉलज ऑफ नर्सिंग में स्वामी विवेकानन्द जयंती समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई जी ने कहा कि स्वामी जी का जीवन और उनके द्वारा सनातन संस्कृति व भारतवासियों के लिए किया गया कार्य शिरोधार्य है। हम सभी को उनके द्वारा दिखाए गए पथ पर जिम्मेदारी पूर्वक चलने की जरूरत है। ताकि भारत को एक बार पुनः विश्व पटल पर विश्वगुरू के रूप में स्थापित किया जा सकें। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# निबंध प्रतियोगिता



दिनांकः **13 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग व सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे साप्ताहिक युवा सप्ताह के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, तथा साथ ही साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता का विद्यार्थियों को बोध कराया गया। इस अवसर पर कुल 120 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राज किशोर तिवारी जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# निबंध प्रतियोगिता

राष्ट्रीय युवा सप्ताह समारोह के अंतर्गत **14 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विषयों पर अपने विचार को निबंध के रूप में व्यक्त किया तथा यातायात नियमों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. कुलदीप सिंह व आचार्य साध्वीनन्दन पाण्डेय जी ने किया। इस प्रतियोगिता में सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के कुल 98 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



# स्वच्छता अभियान





दिनांक : **16 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज), गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग व महंत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई व महायोगी उदयनाथ इकाई के कुल 200 स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जशोवंत डनसना व राज किशोर तिवारी ने किया।

# स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में **17 जनवरी, 2023** को राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई के द्वारा युवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत भ्रूण हत्या विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के कुल 57 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मम्पी राय व द्वितीय धीरज मद्धेशिया ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. जशोवंत डनसना ने आयुर्वेद कॉलेज के आचार्य साध्वीनन्दन पाण्डेय व डॉ. प्रज्ञा सिंह के सहयोग से किया।



# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ





दिनांक : **18 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस व सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" का शपथ डॉ. प्रज्ञा सिंह जी द्वारा दिलाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहा कि बेटी हमारी माँ व जननी है। आवश्यकता पड़ने पर समाज की दिशा व दशा निर्धारित करने हेतु ये माँ काली भी है। हमारी बेटियां अनमोल रत्न है न कि समाज के लिए अभिशाप। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं के शिक्षक व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## युवा सप्ताह समापन समारोह




दिनांक : **18 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के प्राचार्य डॉ. मंजुनाथ एन.एस, ने कहा युवाओं के पास सेवा का मनोभाव, मानसिक स्थिरता व उत्तम स्वास्थ्य होना चाहिए जिससे वह अपना व समाज का विकास करतें है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने युवा सप्ताह के अंतर्गत कराये गये सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ
## हस्ताक्षर अभियान




दिनांक : **20 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ''बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं'' के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपई जी व उपकुलपति (प्रशासन) श्रीकांत जी के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राचार्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं समस्त छात्र–छात्राओं ने इस अभियान में अपनी सहभागिता रखी।

## जयंती समारोह
## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस






दिनांक : **23 जनवरी, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के द्वारा संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, आयुर्वेद कालेज में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर नेता जी व आजाद हिन्द फौज की भूमिका विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार सिंह (अधिष्ठाता) ने सुभाष चन्द्र बोस के जीवन व स्वतंत्रता संग्राम में आजाद हिन्द फौज की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आयुर्वेद कालेज के प्राचार्य डॉ. मन्जूनाथ एन. एस ने विद्यार्थीयों को नेता जी के जीवन से अनुशासन, नेतृत्व करने का कौशल, साहस, देशभक्ति सिखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस





दिनांकः **25 जनवरी 2023** को आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अन्तर्गत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, आयुर्वेद कालेज, में राष्ट्रीय सेवा योजना के महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई द्वारा 13वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस व्याख्यान कार्यक्रम में ''**वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेगें हम**'' विषय पर मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार सिंह, अधिष्ठाता, (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय) ने कहा कि मतदान करना हमारा परम कर्त्तव्य है। अतः मतदान दिवस को एक पर्व के रूप में मनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विजय दूगेसर ने कहा कि हम सभी को सोच–समझ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। अध्यक्षीय भाषण देते हुए आयुर्वेद कालेज के प्राचार्य डॉ. मन्जूनाथ एन. एस. ने कहा कि यदि हम सही मतदान करते हैं, तो हम योग्य व्यक्ति को चुनते हैं। जिससे हमारे आने वाले पाँच वर्ष का भविष्य सुरक्षित होता है। जिससे हमारे क्षेत्र, राज्य व देश का विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम के अन्त में सभी प्राध्यापक व विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना हम भारत के नागरिक लोकतंत्र के हित में निष्पक्ष मतदान करेंगे, इसका शपथ लिया। इस कार्यक्रम में आयुर्वेद कालेज एवं एलाइड हेल्थ साइंस के समस्त प्राध्यापक व बीएएमएस प्रथम वर्ष के समस्त छात्र–छात्रायें उपस्थित रहें।

# रंगोली प्रतियोगिता







दिनांक : **25 जनवरी, 2023** को आजादी के अमृत महोत्सव व गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कालेज) में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की विषय वस्तु 'आजादी का अमृत काल, राष्ट्रीय बाजरा वर्ष एवं नारी सशक्तिकरण' रहा। उक्त पर बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त किया एवं साथ ही साथ राष्ट्रीय अमर स्मारक पर चलचित्र दिखाया गया। इस अवसर पर भारत के अमर सपूतों के प्रति श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। रंगोली प्रतियोगिता की विजेता (संयुक्त रूप से) साक्षी, स्मृति, खुशी मिश्रा व खुशी वर्मा रहीं। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. प्रज्ञा सिंह एवं डॉ. पियूष वर्षा ने किया। कार्यक्रम में आयुर्वेद कालेज के प्राचार्य डॉ. मन्जूनाथ एन. एस. एवं सभी शिक्षकों सहित विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी।

## राष्ट्रीय पर्व

# गणतंत्र दिवस समारोह








महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में **26 जनवरी, 2023** को गंणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के स्थिति पंचकर्म केन्द्र के सम्मुख किया गया। कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई जी ने तिरंगा ध्वज फहरा कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कुलपति जी ने विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि मानव कल्याण हम सभी के जीवन में सर्वोपरि होना चाहिए। कहीं भी रहें निरन्तर अच्छी सोच के साथ दूसरों की मदद करतें रहें। समरोह में बीएएमएस, सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व कृषि विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत गायन, भाषण समूह नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती की गई। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को कुलपति जी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव, उपकुलसचिव, प्राचार्य, अधिष्ठाता एवं विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ सहभाग किया।

# सरस्वती पूजन एवं वसंतोत्सव



महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) व सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व कृषि विज्ञान विभाग के सामुहिक सहयोग से **26 जनवरी, 2023** को वंसत पंचमी पर्व के अवसर पर सरस्वती पूजन–हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान के रूप में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन. एस. जी ने समस्त पूजा गतिविधियों का क्रियान्वयन किया। पूजनोंपरान्त विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. साध्वीनन्दन पाण्डेय, डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. पियूष वर्षा, डॉ. प्रिया एस. नायर व डॉ. अनुपमा ओझा जी के नेतृत्व में किया गया।







# दीप प्रज्ज्वलन एवं शपथ-ग्रहण समारोह










महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के क्षेत्र में अग्रणी गुरू श्री गोरक्षनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में भारतीय परम्परा के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन एवं सेवा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन **26 जनवरी, 2023** को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय नर्सिंग परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. टी. दिलीप कुमार तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इण्डिया डॉ. जी.एन. सिंह जी रहें। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डॉ. टी दिलीप कुमार जी ने कहा कि रोगी के इलाज में एक परिचारिका नर्स की भूमिका चिकित्सक के समानांतर और कई बार इससे भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। अतः हर परिचारिका को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसकी सेवा मनुष्य के जीवन और मृत्यु से जुड़ा है जहां किसी भी प्रकार के असावधानी की गुंजाइश नहीं होती है। इस अवसर पर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. यू.पी. सिंह, गुरू श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के निदेशक, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्या डॉ. डी. एस अजीथा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव, अधिष्ठाता (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय) समेत नर्सिंग कॉलेज के समस्त शिक्षक, कर्मचारी, एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।



# बीएएमएस प्रवेश





दिनांक – **25 जनवरी, 2023** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में आयुर्वेद कॉलेज के नियोजित 100 सीटों पर नीट–2022 प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक एवं वरीयता के आधार पर गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) को प्रवेशित विद्यार्थियों का आवंटन उत्तर प्रदेश आयूष मंत्रालय द्वारा किया गया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयुष काउंसलिंग के प्रथम चक्र में ही विश्वविद्यालय की समस्त सीटों का आवंटन हुआ। आयुर्वेद कॉलेज में आवंटित विद्यार्थियों के मूल दस्तावेज सत्यापन व प्रवेश प्रक्रिया हेतु कुल 10 पटल विद्यार्थियों के सुविधा के लिए बनाया गया। प्रवेश प्रक्रिया में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारी विद्यार्थियों के सहयोग हेतु हर सम्भव प्रयास हेतु संकल्पित व प्रयासरत है।

# पोस्टर प्रतियोगिता







दिनांक : **30 जनवरी, 2023** को अमृत महोत्सव श्रृंखला के अन्तर्गत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में राष्ट्रीय सेवा योजना के महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु विद्यार्थियों में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. जशोबन्त डनसना व आचार्य साध्वीनन्दन पाण्डेय ने किया। जिसमें बी.ए.एम.एस. प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# In Vitro, In Vivo, and Ex Vivo Models to Study Mixed Bacterial and Fungal Biofilms

Check for updates

**Andreia S. Azevedo, Jontana Alljka, Sunil Kumar, Awanish Kumar, Susana Brás, and Célia F. Rodrigues**

## 1 Introduction

In many natural habitats, the biofilm mode of growth is a basic survival strategy used by many microorganisms such as bacteria and fungi. Biofilms can be defined as structural microbial communities composed of prokaryotic and/or eukaryotic cells embedded in a self-produced extracellular matrix. Although biofilms are common in

---

Andreia S. Azevedo and Jontana Alljka contributed equally with all other contributors.

---

A. S. Azevedo · J. Alljka
LEPABE–Dep. of Chemical Engineering, Faculty of Engineering, University of Porto, Porto, Portugal

ALiCE – Associate Laboratory in Chemical Engineering, Faculty of Engineering, University of Porto, Porto, Portugal

S. Kumar
Department of Biotechnology, Faculty of Allied Health Sciences, Mahayogi Gorakhnath University, Gorakhpur, UP, India

A. Kumar
Department of Biotechnology, National Institute of Technology, Raipur, Chhatisgarh, India

S. Brás
LIBRO – 'Laboratório de Investigação em Biofilmes Rosário Oliveira', Centre of Biological Engineering, University of Minho, Braga, Portugal

C. F. Rodrigues (✉)
LEPABE–Dep. of Chemical Engineering, Faculty of Engineering, University of Porto, Porto, Portugal

ALiCE – Associate Laboratory in Chemical Engineering, Faculty of Engineering, University of Porto, Porto, Portugal

TOXRUN - Toxicology Research Unit, Cooperativa de Ensino Superior Politécnico e Universitário - CESPU, Gandra PRD, Portugal

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के आचार्य
डॉ. सुनील कुमार सिंह जी ने अपने शोध कार्य का प्रकाशन
''स्प्रिंगर नेचर'' 'अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में किया।

102 UP Bn NCC
Gorakhpur

**ALLOTMENT OF NCC SUB UNIT UNDER FSFS SCHEME**

1. Ref your letter No. 039/102 Bn/G dt 12 Jan 2023.

2. Sanction of Gp Cdr for allotment of NCC under FSFS Scheme in Mahayogi Gorakhnath University Gorakhpur is hereby accorded.

3. Vacs structure in r/o following institutes after re-org are as under:-

| Ser | Existing Institutions & Str | Str Reduced | Str allotted to institution | Str of revised institution after reduction |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Shyama Devi Smarak Inter College Gangi Bazar, Maharajganj (160 SD/SW) | 53 SD/SW | **Mahayogi Gorakhnath University Gorakhpur (53+53=106 SD/SW)** | Shyama Devi Smarak Inter College Gangi Bazar, Maharajganj (**107 SD/SW**) |
| (b) | Janta Inter College, Marapar, Gorakhpur (160 SD/SW) | 53 SD/SW | | Janta Inter College, Marapar, Gorakhpur (**107 SD/SW**) |

4. It is applicable for withdrawal/re-allotment of NCC sub unit/troops with start of Trg Year i.e 01 Apr 2023, subject to existing terms and conditions to bear financial implication by sponsor or self financing institutions and without any increase in PI Staff manpower.

5. The application of the institution is returned herewith duly approved for updating of your records pl.

6. The exact date of allotment of raising of the above sub unit/troop will be intimated by CO to all concerned.

7. Location state may also be amended accordingly.

Lt Col
ले० कर्नल
Trg Officer
प्रशिक्षण अधिकारी
For Gp Commander
कृते ग्रुप कमाण्डर

**Copy to**:

**NCC Dte (UP)** - For info pl.
**P&C Branch**
**Ashok Marg**
**Lucknow-226001**

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर को 102 यू.पी. बी.एन. एन.सी.सी. गोरखपुर बटालियन द्वारा एन.सी.सी. की 28.01.2023 को 106 सीटों की मान्यता प्राप्त हुई।

# समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय

## युवाओं ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी मत्स्येंद्रनाथ एवं महायोगी उदयनाथ इकाई ने सड़क सुरक्षा जागरुकता माह के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के कुल 160 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.

## सशक्त युवा ही राष्ट्र को बना सकते हैं शक्तिशाली

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय युवा सप्ताह का भी शुभारंभ हुआ।



गोरखनाथ विवि में विवेकानंद जयंती पर छात्रों को संबोधित करते वक्ता।

जाता है। कोई राष्ट्र तभी सशक्त हो सकता है जब उसके युवा सशक्त और अपने राष्ट्रीय दायित्वों का बोध करने वाले हों। गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के प्राचार्य प्रो. मंजूनाथ एनएस ने कहा कि युवा के जेहन में उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए। आभार ज्ञापन राष्ट्रीय

# Minister: Gorakhpur to be Ayurveda tourism hub

**PRESS TRUST OF INDIA**
GORAKHPUR, JANUARY 11

UTTAR PRADESH Tourism Minister Jaiveer Singh on Wednesday said Gorkahpur will emerge as a hub of Ayurveda tourism in the days to come.

Singh visited the Mahayogi Gorakhnath University that houses the Guru Shri Gorakshnath Institute of Medical Sciences (Ayurveda College), a hospital and a Vedic-Ayurveda wellness centre here.

"I am confident that in the coming days, Gorakhpur will become a Vedic and Ayurveda tourism hub, Singh said.

"It will help people become is developing into an attractive vedic tourism and wellness centre here," he said.

Vice Chancellor of Gorakhnath University Major Gen Atul Bajpai and Registrar Pradeep Rao informed the minister about available resources and facilities on the campus.

Singh said he was amazed to see the hi-tech resources, educational activities, smart classrooms, lab with modern equipment, hospital and other facilities. He also visited the Vedic Panchkarma Centre and said that "soon we will surpass Kerala in terms of Vedic wellness and tourism".

The registrar of the university said the institute is providing

## Netaji Subhash Chandra's slogans have become holy mantras: Dr. Sunil

### Netaji Subhash Chandra Bose's birth anniversary celebrated at Mahayogi Gorakhnath University

*JEEVAN EXPRESS BUREAU*

GORAKHPUR: A lecture was organized on the occasion of Netaji Subhash Chandra Bose's birth anniversary at Guru Gorakshanath Institute of Medical Sciences (Ayurveda College) run by Mahayogi Gorakhnath University, Arogyadham Gorakhpur on the topic 'Role of Netaji and Azad Hind Fauj'.

Dr. Sunil Kumar Singh, Dean, Faculty of Health Sciences, as the chief guest, threw light on the life, personality and role of Azad Hind Fauj in the freedom struggle of Subhash Chandra Bose. He said that Hind government. Japan had handed over the Andaman and Nicobar Islands to this provisional government. Azad Hind government was recognized by countries like Germany, Japan, China, Philippines etc. The slogans given by the leader 'Jai Hind' sors of Ayurveda College by lighting the lamp and offering flowers on the pictures of Subhash Chandra Bose and Bharat Mata. Acharya Sadhvi Nandan Pandey coordinated the program and proposed the vote of thanks. Operation was done by Dr.



## चिकित्सक के समानांतर होती है परिचारिका की भूमिका-डॉ.टी.दिलीप

**◆गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफनर्सिंग में दीप प्रज्वलन एवं सेवा शपथ ग्रहण समारोह**



गोरखपुर,27 जनवरी। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के अंतर्गत संचालित एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के क्षेत्र में अग्रणी गुरु श्री गोरक्षनाथ स्कूल ऑफनर्सिंग एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में भारतीय परंपरा के अनुसार दीप प्रज्वलन एवं सेवा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ टी. दिलीप कुमार तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व ड्रग कंट्रोलर जनरल आफ इंडिया डॉ जीएन सिंह रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में इंडियन नर्सिंग काउंसिल,नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ टी. दिलीप कुमार ने कहा कि रोगी के इलाज में एक परिचारिका नर्स की भूमिका चिकित्सक के समानांतर और कई बार इससे भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। हर परिचारिका को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने नर्सिंग सेवा के क्षेत्र में जा रही परिचारिकाओं को टिप्स देते हुए कहा कि उन्हें कुशलता और सफलता के लिए अनुरक्ति, सत्यता, दक्षताए, बुद्धिमता, मित्रता, करुणा और प्रेम भाव जैसे विशिष्ट गुणों पर ध्यान देना होगा। चूंकि रोगी को स्वस्थ करने में एक परिचारिका, डॉक्टर से अधिक समय बिताती है इसलिए रोगी को मानसिक रूप से तैयार करने में उसका योगदान सर्वाधिक होता है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग सेवा मानवता की सेवा का रूप है।

विशिष्ट अतिथि पूर्व ड्रग कंट्रोलर जनरल आफइंडिया डॉ जीएन सिंह ने कहा कि लैंप लाइटनिंग समारोह पाश्चात्य संस्कृति का अनुगमन रही है किंतु श्रीगोरक्षपीठ की ज्ञान परंपरा के अनुरूप इस संस्थान ने विशुद्ध भारतीय आयोजन का अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि गुरु श्रीगोरक्षनाथ कॉलेज आफनर्सिंग से पढ़कर निकली परिचारिकाएं अन्य संस्थानों की परिचारिकाओं की अपेक्षा अधिक प्रभावी, अधिक दक्ष और अधिक सेवाभावी होंगी। उन्होंने कहा कि यहां की प्रशिक्षित परिचारिकाएं संस्थान के पाठ्यक्रम के साथ धर्म-अध्यात्म के बल पर सेवा की जो प्रेरणा प्राप्त कर रही हैं वह अद्वितीय है।

गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी ने कहा कि नर्सिंग प्रशिक्षुओं ने आज जिस प्रज्वलित दीप के समक्ष जो प्रतिज्ञा की है वह सेवा व साधना का दीप है। इस प्रतिज्ञा दीप से चिकित्सा जगत अधिक संपन्न और प्रकाशित होगा। समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 260 विद्यार्थी सम्मिलित हुए और अपना जीवन एक उज्ज्वल नर्स की तरह लोगों की भलाई और सेवा के लिए व्यतीत करने की शपथ ली। आभार ज्ञापन गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफनर्सिंग की प्रधानाचार्या डॉ डीएस अजीथा ने किया। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव, उपकुलसचिव श्रीकांत, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुनील कुमार सिंह समेत विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## यातायात नियमों का पालन सबका दायित्व : डॉ. सुनील

**सड़क सुरक्षा माह के तहत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में दिलाई गई शपथ**

संवाददाता

गोरखपुर। यातायात नियमों का पालन करना हर व्यक्ति का दायित्व है। सड़क पर चलने के दौरान सबको स्वतः स्फूर्त नैतिकता के साथ इन नियमों के प्रति अनुशासित रहना चाहिए। यातायात नियमों का पालन स्व, परिवार, समाज व राष्ट्रहित के लिए अनिवार्य एवं अपरिहार्य है।



यह बातें महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम में राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से आयोजित सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि यातायात के नियम सबकी सुरक्षा और सबको सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए हैं। इनका पालन न केवल कानूनी रूप से अनिवार्य है बल्कि यह हम सबका स्वाभाविक व राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की कि खुद यातायात नियमों का पालन करते हुए अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ. [illegible], राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अखिलेश कुमार दुबे, डॉ कुलदीप सिंह, डॉ अविनाश सिंह, डॉ संजय कुमार गुप्ता, डॉ पवन कुमार कन्नौजिया, डॉ राहुल कुमार शुक्ला, सुश्री प्रज्ञा कर्ण त्रिपाठी, कीर्ति सिंह, प्रभा शर्मा आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## महायोगी गोरखनाथ विवि में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस





संवाददाता

- मानव कल्याण सर्वोपरि होना चाहिए : कुलपति
- रंगोली व निबंध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी पुरस्कृत

## सड़क सुरक्षा पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित



गोरखपुर। आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के अन्तर्गत शनिवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम की राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी आदिनाथ इकाई द्वारा युवा सप्ताह एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता माह कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय विकास में युवा की भूमिका और सड़क सुरक्षा उपाय के प्रयोग द्वारा सड़क हादसों की रोकथाम और बचाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कृषि विज्ञान एवं संबद्ध स्वास्थ विज्ञान संकाय एवं आयुर्वेद कॉलेज के कुल 85 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह एवं साध्वीनन्दन पाण्डेय के निर्देशन में किया गया।




# दीप प्रज्ज्वलन एवं शपथ ग्रहण समारोह-2023



mguniversitygkp@mgug.ac.in
https:/www.mgug.ac.in/
+91-9415266014, +91-9935904499, +91-9794299451
Arogya Dham, Balapar Road, Sonbarsa, Gorakhpur